बिहार में विभिन्न कोयला क्षेत्रों में कोयले का उत्पादन

1245. **श्री जनार्दन यादव:** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान बिहार के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में कोयले का वर्ष-वार कितना उत्पादन हुआ;

(ख) लालमटिया में खनन कार्य आरंभ होने के बाद कोयले का कितना उत्पादन हो रहा है;

(ग) सरकार ने बिहार, उड़ीसा और मध्य प्रदेश में विभिन्न किस्मों के कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु क्या कदम उठाए हैं;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे; और

(ङ) उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार में स्थित खानों में हुए कोयले का उत्पादन नीचे दर्शाया गया है:—

(मिलियन टन में)

1994-95	1995-96	1996-97 (अनंतिम)
72.41	74.53	77.58

(ख) लालमटिया क्षेत्र में राजमहल ओपनकास्ट खान से उत्पादित कोयले की गुणवत्ता "डी" तथा "एफ" ग्रेड की है।

(ग) बिहार, उड़ीसा तथा मध्य प्रदेश राज्यों में कोयले के उत्पादन में वृद्धि किए जाने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(i) आधुनिकीकरण, नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके और निवेश तथा संरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किए जाने के द्वारा विद्यमान खानों में उत्पादकता तथा कार्य कुशलता को बढ़ाया जाना तथा नई खानों का खोला जाना।

(ii) पूंजी बाजार से अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों का जुटाया जाना सुनिश्चित करने के लिए, जोकि नई कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाए जाने के लिए अपेक्षित हैं, कोल इंडिया लि० के पूंजीगत आधार की पुनर्संरचना कर दी गई है।

(iii) ऐसे कोयला क्षेत्रों में, जहां उत्पादन में वृद्धि किए जाने की संभावना है, परिवहन संबंधी अवरोधों को समाप्त किए जाने हेतु रेलवे के साथ निरन्तर रूप में समन्वय कार्रवाई की जा रही है

(iv) धुले हुए कोककर कोयले की उपलब्धता में वृद्धि किए जाने हेतु नई वाशरियों के निर्माण के साथ-साथ विद्यमान वाशरियों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

(v) संबद्ध राज्य सरकारों की परियोजनाओं हेतु अपेक्षित वन भूमि के स्थानान्तरण सहित लंबित पड़े भूमि संबंधी मामलों का तत्परता से अभिग्रहण किया जाना

(घ) को० इं० लि० की सहायक कंपनियों हेतु आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष, अर्थात वर्ष 1996-97 के लिए निर्धारित कोयला के उत्पादन लक्ष्य नीचे दिए गए हैं:—

(मिलियन टन में)

कंपनी	राज्य	
ईकोलि	बिहार और पश्चिम बंगाल	31.50
भाकोकोलि	बिहार और पश्चिम बंगाल	29.50
सेकोलि	बिहार	35.20
नाकोलि	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश	37.00
वेकोलि	महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश	29.50
साईकोलि	मध्य प्रदेश	52.50
नाईको	असम	0.80
मकोलि	उड़ीसा	36.00
को०इं०लि०		252.00

(ङ) को०इं०लि० के लक्षित उत्पादन को प्राप्त किए जाने हेतु सभी प्रयास किए गए तथा वर्ष 1996-97 हेतु 252 मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 250.65 मिलियन टन (99.46%) उपलब्धि प्राप्त की गई।